तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 6 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



कक



## खबर संक्षेप

### सोमनाथ के ज्योतिर्लिंग का 24 को दर्शन करेंगे जिलेवासी

**कोरबा।** सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का आगमन कोरबा में 24 अप्रैल हो रहा है। आर्ट ऑफ़ लिविंग के तत्वाधान में होने वाले इस सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का दिव्या दर्शन कोरबा वीडियो को मिलेगा 1000 साल पुराने सोमनाथ ज्योतिर्लिंग सभी के लिए सभी के दर्शन के लिए घंटाघर ओपन ऑडिटोरियम में 24 अप्रैल को रखा जाएगा। आर्ट ऑफ लिविंग के पदाधिकारी के द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक रविशंकर नगर में आयोजित किया गया। इस बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने संकल्प लिया कि सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाया जाएगा। कार्यक्रम स्थल के रूप में ओपन थिएटर, घंटाघर को चयन किया गया । इसके साथ ही अधिक से अधिक लोगों तक कार्यक्रम को जानकारी पहुँचाने एवं सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार की रणनीति पर चर्चा हुई।

### कुसमुंडा में हनुमान चालीसा यात्रा कल

**कोरबा।** कुसमुंडा में 7 अप्रैल को हनुमान चालीसा यात्रा कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें यात्रा कुचेना मोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से शुरू होकर लेकर इमली छापर चौक, शिवमन्दिर चौक, शांति नगर चौक स्थित 7 हनुमान मंदिरों में जाएगी। जहां प्रत्येक मंदिर में भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा साथ ही साथ सभी मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। अंत में यह यात्रा शिवमन्दिर चौक स्थित श्री श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में समाप्त होगी। उक्त कार्यक्रम का आयोजन और भगवान बजरंग बली के द्वारा होगा।

### बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की बढ़ी चिंता

**कोरबा।** मौसम ने अचानक करवट ले ली है और उत्तर से लेकर दक्षिण तक कई राज्यों में तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, इस असामान्य बदलाव का सबसे ज्यादा असर खेती-किसानी पर पड़ रहा है। खासतौर पर गेहूं, सरसों और फल-सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि कटाई के समय आई इस बारिश से खेतों में खड़ी फसल बर्बाद होने का खतरा बढ़ गया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ और बदलते जलवायु पैटर्न के कारण कई इलाकों में ओलावृष्टि और तेज हवाएं चल रही हैं। इससे फसलों के गिरने, सड़ने और गुणवत्ता खराब होने की संभावना बढ़ गई है। कई राज्यों में प्रशासन ने किसानों को सतर्क रहने और नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश में ऐसे मौसम बदलाव सीधे किसानों की आय और खाद्य सुरक्षा पर असर डालते हैं।

### हसदेव सड़क पुल जर्जर आवागमन में हो रही परेशान

**कोरबा।** यातायात का दबाव बढ़ने के कारण चुनौतियां ज्यादा हैं। इससे छुटकारा पाने के लिए 12 करोड़ से बांयी तट नहर पर समानान्तर पुल की योजना बनायी गई है। इन सबके बीच कुसमुंडा मार्ग पर हसदेव सडक पुल की रोड जर्जर हो गई है। गुबार के बीच आवागमन करना लोगों की जरूरत भी है और मजबूरी भी। सर्वमंगला रोड से मुख्य तिराहे तक 8सौ मीटर के हिस्से में पुरी सडक जर्जर हो गई है। हसदेव सडक सेतु में कई जगह कांक्रीट पेनल के दोनों तरफ बड़े-बड़े गेप आ गए हैं। इसके अलावा पुल और सडक का बहुत सारा हिस्सा गड्ढों में है। चूंकि इन्हीं पर से होकर हर रोज मालवाहकों सहित पब्लिक ट्रांसपोर्ट और लोगों की निजी गाडियों का आना जाना हो रहा है, इसलिए सडक पर दबाव जस की तस बना है। इस वजह से सडक और पुल के गड्ढे लगातार अपना आकार बढ़ा रहे हैं। वाहनों के चलने से उडने वाला कोयला और धूल का गुबार इस पूरे रास्ते में अजीब स्थिति पैदा करता है।

# जी राम जी योजना से अब पंचायतों से लिए जाएंगे कार्यों के प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मनरेगा बंद होने के बाद 1 अप्रैल से लागू हुई जी राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायतों से अब रोजगार मूलक संबंधी कार्यों का प्रस्ताव लिए जाएंगे। इसके पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों को जी राम जी योजना से अवगत भी कराया जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायतों में सभा आयोजित कर योजनाओं की बारीकी का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

अलग खबर

जिले के ग्राम पंचायतों में पूर्व में मनरेगा से स्वीकृत किए गए कार्य अभी भी पूरे नहीं हुए हैं। मजदूर नहीं आने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। अब इन कार्यों को जी राम जी में शामिल कर नए सिरे से शुरू कराया जाएगा। जी राम जी योजना के अंतर्गत मजदूरी बढ़ाने के साथ साथ काम की अवधि भी बढ़ाकर 150 दिन किया गया है। इसके साथ ही इस योजना के तहत हितग्राही मूलक कार्यों की जगह अधिक से अधिक संख्या में रोजगार देने वाले कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। ग्राम पंचायतों से जो प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं उनमें रोजगार देने वाले कार्यों की संख्या अधिक रहेगी। पूर्व में तालाब निर्माण जैसे बड़े कार्यों को मनरेगा में प्राथमिकता दी जाती थी, लेकिन इस योजना के तहत तालाब एवं जल संरक्षण जैसे कार्य शामिल नहीं हैं। इनकी जगह पहुंच मार्ग निर्माण के साथ भवन निर्माण जैसे कार्यों को भी शामिल किया गया है। तालाब और डबरी जैसे कार्य पंचायत मद से कराए जाएंगे। वहीं इसके अलावा शासकीय विभागों के प्रस्ताव पर होने वाले कार्यों को कन्वर्जन में शामिल किया गया है। अब शासकीय विभाग अपने स्वयं के कार्यों का प्रस्ताव बनाकर सीधे जी राम जी योजना में शामिल करा सकेंगे।

### मनरेगा से स्वीकृत हुए पुराने कार्य अभी भी नहीं हुए पूरे

**खास बात**

- एक अप्रैल से लागू हुई नई योजना की पंचायत प्रतिनिधियों को दी जा रही जानकारी



#### जनपद की बैठकों में होगी समीक्षा

ग्राम पंचायतों से आने वाले कार्यों के प्रस्ताव स्वीकृति से पहले जनपद की बैठकों मे समीक्षा की जाएगी और आवश्यक समझे जाने वाले कार्यों की ही स्वीकृति दी जाएगी। इसके साथ ही जो कार्य मनरेगा से स्वीकृत हुए थे उन कार्यों को इसमें शामिल नहीं किया जाएगा। ऐसे निर्देश पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी जिला एवं जनपद पंचायतों को जारी किए गए हैं। कार्यों के लिए जारी की जाने वाली राशि किश्तों में दी जाएगी।

### स्कोर और रेटिंग्स को अंतिम अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा सहायक कंपनियों के बोर्ड के पास

# कोयला अधिकारियों के लिए अच्छी खबर, बीते वर्ष के परफॉर्मेंस स्कोर को मिली हरी झंडी



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की 416वीं सीएफडी बैठक में सहायक कंपनियों के एमओयू स्कोर को मंजूरी दे दी गई है। एनसीएल, डब्ल्यूसीएल और एमसीएल ने एक्सीलेंट श्रेणी हासिल की है। एसईसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल ने वेरी गुड श्रेणी प्राप्त की है। वहीं दूसरी ओर सीआईएल को वैरी गुड रेटिंग मिली है। परफॉर्मेंस स्कोर को हरी झण्डी मिलने के बाद अब कोयला अधिकारियों की नजर पीआरपी भुगतान पर टिकी हुई है।

उल्लेखनीय है कि कोयला क्षेत्र के अधिकारियों के लिए राहत भरी खबर है कि कोल इंडिया की 416वीं कमेटी ऑफ फंक्शनल डायरेक्टर्स (सीएफडी) की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सहायक कंपनियों के एमओयू प्रदर्शन मूल्यांकन को मंजूरी दे दी गई है। इस बैठक के दौरान कंपनियों द्वारा प्रस्तुत स्व-मूल्यांकन स्कोर और समिति द्वारा सत्यापित अंतिम अंकों की गहन समीक्षा की गई। कोल इंडिया का समेकित एमओयू स्कोर 84.46 दर्ज किया गया है, जिसके आधार पर महारत्न कंपनी को वैरी गुड रेटिंग प्रदान की गई है। इसके साथ ही सभी सहायक कंपनियों ने अपनी परफॉर्मेंस इवैल्यूएशन रिपोर्ट जमा कर दी है जिन्हें समिति ने अंतिम रूप दे दिया है।

#### प्रमुख कंपनियों की रेटिंग
(वित्तीय वर्ष 2024-25)

| | |
|---|---|
| ईसीएल | 57.59 (गुड) |
| बीसीसीएल | 84.08 (वैरी गुड) |
| सीसीएल | 86.93 (वैरी गुड) |
| एसईसीएल | 76.78 (वैरी गुड) |
| एनसीएल | 90.92 (एक्सीलेंट) |
| डब्ल्यूसीएल | 90.17 (एक्सीलेंट) |
| एमसीएल | 90.61 (एक्सीलेंट) |
| सीएमपीडीआईएल | 98.23 (एक्सीलेंट) |
| कोल इंडिया | 84.46 (वैरी गुड) |

#### पीआरपी भुगतान की दिशा में अगला कदम

सीएफडी की इन सिफारिशों के बाद अब संबंधित स्कोर और रेटिंग्स को सहायक कंपनियों के बोर्ड के पास अंतिम अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। बोर्ड की औपचारिक मंजूरी मिलने के बाद इस प्रस्ताव को कोल इंडिया बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा, जिसके पश्चात अधिकारियों के परफॉर्मेंस रिलेटेड पे के भुगतान की प्रक्रिया विधिवत शुरू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि कोल इंडिया में अधिकारियों के आर्थिक लाभ का सीधा निर्धारण इन्हीं एमओयू स्कोर्स और रेटिंग के आधार पर होता है। एक्सीलेंट रेटिंग पाने वाली कंपनियों के अधिकारियों को वित्तीय लाभ अधिक मिलता है, जबकि गुड या उससे कम रेटिंग होने पर पीआरपी की राशि आनुपातिक रूप से घट जाती है।

# उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद भी नहीं मिल रहा गैस सिलेण्डर



गैस लेने पहुंचे उपभोक्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में उपभोक्ता हलाकान

जिले के कोयलांचल क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। भारत गैस गेवरा प्रोजेक्ट कंज्यूमर्स को-आपरेटिव स्टोर्स लिमिटेड के चक्कर काटते-काटते उपभोक्ताओं के जूते घिस गए हैं लेकिन उन्हें गैस सिलेंडर नसीब नहीं हो रहा है स्थिति यह है कि एसईसीएल कर्मचारियों सहित आम उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है जो कभी भी एक बड़े जन-आंदोलन का रूप ले सकता है।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि सप्ताह में एक या दो बार ही गैस की गाड़ी आती है लेकिन उसमें भी बड़े स्तर पर सिलेंडर की हेरा-फेरी हो रही है रसूखदारों और बिचौलियों की साठगांठ के कारण आम उपभोक्ताओं ⏭ शेष पेज 3 पर

# 11 उपभोक्ताओं के यहां पकड़ी गई 15 लाख की बिजली चोरी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ विद्युत वितरण विभाग की टीम लगातार औचक छापेमारी की कार्रवाई कर रही है। छापेमारी कार्रवाई के दौरान बिजली चोर पकड़े भी जा रहे हैं और ऐसे लोगों के खिलाफ सीधे मामले दर्ज भी कराया जा रहे हैं विद्युत वितरण विभाग के पाड़ीमार जोन के एई कृष्णचंद जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि पाड़ीमार जोन अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत वितरण विभाग की टीम ने विभिन्न इलाकों में छापेमारी की कार्यवाही की थी। इस दौरान छापेमारी के दौरान कई उपभोक्ता बिजली चोरी करते पाए गए थे जिनके खिलाफ विद्युत विभाग के टीम ने कार्रवाई की थी और उन मामलों को न्यायालय में पेश किया था। न्यायालय में मामला पेश करने के बाद बिजली चोरी करने वाले कुल 11 उपभोक्ताओं के खिलाफ धारा 138, 135 के तहत अपराध पंजीकृत किया किया है। बताया जाता है कि इन 11 उपभोक्ताओं द्वारा लगभग 15 लाख से अधिक के बिजली चोरी की गई थी। विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि विभाग के टीम लगातार को कार्यवाही कर रही है और मामले को न्यायालय में पेश भी किया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है उनमें उमेंदराम यादव, सुरेखा सिंह, राजेश तिवारी, चंद्रप्रकाश पांडेय, हिमांशु भेलवा, कुमार श्रीवास, रितेश गुप्ता, हम्ताज अली, शिवकुमार राठौर, मन्नू लाल बरेठ, मनोज ठाकुर शामिल हैं।

**खास बात**

- पाड़ीमार जोन का मामला, लगातार विद्युत विभाग बिजली चोरों के खिलाफ कर रही है कार्यवाही

#### शिविर का उठाएं लाभ

सहायक यंत्री कृष्णचंद जोशी ने बताया कि बिजली चोरी के एक दर्जन के मामले पकड़े गए हैं जिनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया गया है। आगामी दिनों में भी इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी। इसलिए उनके द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि बकाया राशि के कारण कटे हुए कनेक्शन का वर्तमान में संचालित मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत किश्तों में भुगतान कर सकते हैं। यह योजना 30 जून तक प्रभावशील रहेगी और सभी वार्डों में शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है।

# शादीशुदा युवक प्रेमिका से शादी के लिए बना रहा था दबाव, युवती ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक शादीशुदा युवक ने युवती को प्रेम जाने फांस लिया था। जब युवती को पता चला कि उसका प्रेमी पहले से शादीशुदा है तो उसके होश उड़ गए और लगातार उससे दूरी बनाना चाहती थी लेकिन बार-बार युवक उससे शादी करने के लिए दबाव बनाता था। युवक द्वारा शादी का दबाव बनाने के चलते युवती ने जहर सेवन कर लिया था जिसके बाद प्रेमी ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई थी। मौत होते ही परिजनों ने आरोपी युवक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मेडिकल हॉस्पिटल में हंगामा किया था। मामला सामने आते ही पुलिस की टीम हरकत में आई है और पुलिस ने तत्काल प्रेमी युवक के खिलाफ धारा 108 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- बांकीमोगरा थाना क्षेतर के शांतिनगर का मामला, आरोपी युवक को पुलिस ने भेजा जेल



आरोपी

मामला बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के शांति नगर की है यहां निवासरत हेमलाल सूर्यवंशी की 25 वर्षीय पुत्री यामिनी ऊर्फ यश्वनी सूर्यवंशी ने दोनों दिनों पूर्व जहर खा लिया था। जिसके बाद उसके प्रेमी घुड़देवा बस्ती निवासी करण लहरे 24 वर्ष पिता राजू लहरे द्वारा उसे मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान यामिनी सूर्यवंशी की मौत हो गई थी। मामला सामने आने के बाद परिजन मेडिकल अस्पताल पहुंचे थे और आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर अस्पताल में हंगामा किया था। मामला सामने आने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी कारण लहरे को गिरफ्तार कर लिया और धारा 108 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे जेल भेज दिया है। पाली थाना प्रभारी चमन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी करण लहरे पूर्व से शादीशुदा था और पिछले 4 वर्षों से यामिनी से प्रेम प्रसंग था और यामिनी को उसने यह नहीं बताया था कि वह पूर्व से शादीशुदा है। कुछ माह पहले ही यामिनी को जब पता चला कि उसका प्रेमी करण लहरे शादीशुदा है तो उसके होश उड़ गए थे। जिसके बाद वह उससे दूरी बनाना चाहती थी लेकिन इसके बाद भी करण लहरे अपनी प्रेमिका यामिनी से बार-बार शादी के लिए दबाव बना रहा था। संभवतः जिससे परेशान होकर यामिनी ने जहर खाकर आत्महत्या की है।



## खबर संक्षेप

### ठेले वालों से वसूली युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर।** चाकू दिखाकर आईसक्रीम ठेलेवालों से अवैध वसूली करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, गांधी चौक में आईसक्रीम वाले सहित अन्य खाद्य सामाग्री के ठेला लगते हैं। कतियापारा फोकटपारा निवासी मानस गढ़ेवाल पिता भागवत गढ़ेवाल 24 साल गुण्डागर्दी करते हुए चाकू दिखाकर ठेलावालों से अवैध वसूली करता था। पैसा नहीं देने पर ठेलावालों से मारपीट करता था। आए दिन युवक की गुण्डागर्दी व अवैध वसूली से ठेलावाले परेशान हो गए थे। आईसक्रीम ठेला वाला करबना निवासी श्याम बिहारी यादव ने उसके खिलाफ कोतवाली थाने में शिकायत करते हुए एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी मानस गढ़ेवाल को गिरफ्तार कर लिया है।

### घरवाले शादी में चले गए चोर ले उड़े जेवर, नकद

**बिलासपुर।** दरवाजे में ताला लगाकर घरवाले शादी में चले गए। इधर चोरों ने ताला तोड़कर आराम से पूरा मकान खंगाल डाला। आलमारी का लाकर तोड़कर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर आसानी से भाग गए। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोनी पुलिस के अनुसार, निरतू निवासी मोहम्मद आजाद पिता मोहम्मद रमजान 26 मार्च को घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ शादी में शामिल होने चिरमिरी चले गए थे। 3 अप्रैल को वे परिवार के साथ अपने घर लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो पूरा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था और आलमारी का लाकर तोड़कर सोने का नथ, अंगूठी, मांग टीका, बिछिया, पायल, ब्रेसलेट व 30 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया गया था। चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाकर आराम से चोरी की वारदात को अंजाम देकर आसानी से भाग गए। सूचना पर पुलिस ने उनके घर का मुआयना करने के बाद लौट गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ए, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### किसानों की समस्या के निराकरण के लिए बनाए गए नियंत्रण कक्ष

**बिलासपुर।** कृषि विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2026 अंतर्गत किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि कल्चर एवं कृषि यंत्र उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि यह नियंत्रण कक्ष प्रतिदिन सवेरे 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक खुला रहेगा। इसमें बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि एवं कृषि आदान सामग्री से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए किसान नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि किसानों से प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07752-470814 है। नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए अनिल कुमार शुक्ला को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं प्रतिभा पाण्डेय, विजय धीवर, उमेश कुमार कश्यप और प्रेमराज शर्मा को सहायक

पिछले माह कौंसिल ने किया था कालेज का निरीक्षण | लगातार बदल रहे अधिकारियों के चलते काम में विलंब

# 4 माह बीते, अब तक नहीं बनी सड़क, कैसे शुरू होगा राज्य का दूसरा वेटनरी कॉलेज

**बिलासपुर।** कोनी स्थित वेटनरी कालेज जाने का मार्ग खस्ताहाल है। इसी साल से वेटनरी स्टूडेंट के लिए कालेज की पढ़ाई शुरू होने वाली है, ऐसे में कालेज प्रबंधन ने जल्द ही सड़क निर्माण की मंजूरी ली है, लेकिन टेंडर होने के 4 माह बाद भी सड़क नहीं बन सकी है। खास बात यह है कि 5 मार्च को वेटनरी कौंसिल ऑफ इंडिया ने कालेज के स्ट्रक्चर और बिल्डिंग का निरीक्षण किया है। बताया जा रहा है कि जल्द ही यहां प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्त होगी और प्राथमिक स्तर पर कालेज संचालित किया जाएगा।



राज्य का दूसरा पशु चिकित्सा कालेज जल्द ही संचालित होगा। इसकी कवायद तेज हो चुकी है। कालेज में निर्माण कार्य खत्म होने के बाद सड़क और बिजली की व्यवस्था की की जानी है। खास बात यह है कि कालेज पहुंच मार्ग बेहद खस्ताहाल है, इसके निर्माण के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा 1.90 करोड़ का टेंडर किया गया है। सड़क निर्माण में 50 लाख खर्च होंगे, जिसमें 12 मीटर चौड़ाई और 900 मीटर लंबी सड़क बनाई जाएगी। यह मुख्य सड़क से जोड़ी जाएगी। साथ ही शोल्डर के तौर पर दोनों ओर 9 मीटर सड़क बनेगी। खास बात यह है कि कोनी स्थित 40 एकड़ जमीन पर 28 करोड़ की लागत से दाउ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के तहत कालेज का निर्माण किया गया है। इस साल से वेटनरी कालेज में एडमिशन भी शुरू हो सकता है, दरअसल वेटनरी कौंसिल ऑफ इंडिया ने 5 मार्च को निरीक्षण कर एडमिशन शुरू होने की प्रक्रिया तेज कर दी है। हाल ही में दो बार कौंसिल की बैठक भी हो चुकी है, ऐसे में नए सत्र में 30 सीटों के साथ वेटनरी कालेज खोल जा सकेगा। सड़क और अन्य निर्माण कार्य शुरू होने में 4 माह का समय लग सकता है, लेकिन टेंडर हो जाने के बाद भी अबतक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है।

जानकारों के अनुसार गर्मी के मौसम में निर्माण पूरा नहीं होने पर बारिश के दौरान सड़क से होकर गुजरना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में अधिकारियों के पास महज 4 माह समय ही शेष है। ऐसे में वेटनरी कालेज शुरू होने के बाद भी स्टूडेंट व प्रोफेसर के साथ कर्मचारियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

### प्रशासनिक भवन लाइब्रेरी बनकर तैयार

साल 2017 से ही कालेज के लिए बिल्डिंग बनाई जा रही है। इसके लिए राज्य सरकार ने 28 करोड़ 14 लाख रूपए की स्वीकृति दी है। साल 2021 से 2024 के बीच निर्माण कार्य बंद रहा है, ऐसे में कालेज खोलने में देरी हुई है। पिछले साल ही निर्माण कार्य में तेजी आई है और अब गर्ल्स, बॉयस हास्टल, प्रशासनिक भवन, लाइबेरी, कक्षाएं बनकर तैयार हो चुकी हैं। स्टाफ क्वार्टर, आडिटोरियम, मुख्य भवन, प्रशासनिक भवन, क्लीनिकल कॉम्पलेक्स में बिजली और अन्य कार्य जारी है। 12 शैक्षणिक कक्षाओं के साथ ही 17 अन्य विभाग खोले जाएंगे।

### डॉ भोसले ने संभाली डीन का पद

दरअसल वेटनरी कालेज में पिछले 4 सालों से स्थाई तौर पर डीन का पद नहीं संभाला जा रहा है, अधिकारियों के रिटायर होने के बाद डीन की कुर्सी में हर बार नए व्यक्ति को मौका मिल रहा है, जिससे निर्माण कार्य की गति सुस्त हो जाती है। हाल ही में डा. किशोर मुखर्जी के 62 वर्ष पूर्ण होने के बाद डॉ धीरेन्द्र भोसले को वेटनरी कालेज का डीन बनाया गया है। ऐसे में उन्हें निर्माण कार्य की जानकारी नहीं है।

### जल्द काम होने की है उम्मीद

करीब 1.90 करोड़ रूपए की लागत से निर्माण कार्य होना है, टेंडर किया गया है, लेकिन अभी ठेकेदार नहीं आए है। सड़क, स्ट्रीट लाइट और एक रेसीडेंशियल बंगला भी बनाया जाना है।

**-मोहन कोमरे, ईई**

घरों के सामने गिर रहा कचरा, गंदगी और बदबू से परेशान हो रहे लोग

# बूटापारा नया कचरा डंपिंग जोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में कचरा डंपिग के लिए कछार में सैकड़ों एकड़ जमीन निगम को दी गई है लेकिन इसके बाद भी ठेका कंपनी द्वारा कई वार्डों में इसे गिराया जा रहा है। व्यापार विहार के बाद अब वार्ड क्रमांक 43 बूटापारा में निगम और ठेका कंपनी का नया डंपिंग जोन है। बड़ी बड़ी गाड़ियों में कचरा इस क्षेत्र में पहुंच रहा है और लोगों को बदबू और गंदगी झेलनी पड़ रही है। लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल है तो आलम यह है कि इस कचरे के कारण क्षेत्र का श्मशान घाट भी पट चुका है।

- श्मशान घाट तक को पाट रहे

रेलवे कालानी के किनारे बसा बूटापारा क्षेत्र फिलहाल नगर निगम की ओर से कचरा डंप करने का नया स्थान बन चुका है। कचरे से निकलने वाले गंदे पानी से आसपास की जमीन का भूजल खराब हो रहा है तो कई किलोमीटर तक हवा में गंध रहती है। लोगों का कहना है कि निगम की गाड़ियां कचरे को घर के सामने फेंक कर चली जाती हैं। इमें कचरे के साथ ही मरे हुए मवेशी और कुत्ते यहां फेंके जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस कारण भोजन बनाने से लेकर खाना तक मुश्किल हो गया है। कई बार मना करने के बाद भी निगम और ठेका कंपनी वाले नहीं मान रहे हैं।



बूटापारा में की जा रही कचरा डंपिंग से लोग परेशान।

### क्या कहते हैं लोग



- रोजाना बड़ी-बड़ी गाड़ियों में कचरा यहां पहुंचता है। घरों के सामने इसे गिराते हुए श्मशान घाट के पास फेंक दिया जाता है। मना करने पर ठेका कंपनी के लोग विवाद करते हैं। - **मुन्नी बाई**
- इस कचरे और गंदगी के कारण हम लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। मच्छरों की संख्या बढ़ गई है। भोजन बनाने से लेकर खाना तक मुश्किल हो गया है। - **पूरनलाल सोनी**
- पहले रेलवे की तरफ कचरा डंपिंग होती थी लेकिन जब से दिवाल उठा दी गई है तो निगम हमारे घर की तरफ ही कचरा फेंक रहा है। बदबू और गंदगी की कई बार शिकायत कर चुके हैं। - **जमुनाबाई**

### 50 से अधिक परिवार प्रभावित

यहां के लोगों ने बताया कि जहां कचरा फेंका जा रहा है वहां 50 से अधिक परिवार रहते हैं जो कि इससे प्रभावित हैं। यहां कई किलोमीटर तक हवा में गंध रहती है और स्थानीय रहवासियों को बदबू सहना पड़ता है। लोगों ने बताया कि कई प्रकार की बीमारियां हो रही हैं। बच्चे, बूढ़े सबसे जयादा प्रभावित है। गौरतलब है कि कछार डंपिंग जोन बनने से पहले नगर निगम शहर से निकलने वाले कचरे को व्यापार विहार के खाली मैदान में डंप करता था। ऐसे में यहां पर सैकड़ों टन कचरे का जमाव हो गया था। हालांकि लगातार शिकायत के बाद इस कचरे को हटाने की प्रक्रिया चलाई गई, लेकिन कचरे का पूरी तरह निपटारा नहीं हुआ है। अब भी वहां पर सैकड़ों क्विंटल सड़ा कचरा पड़ा है। इसे भी हटाया नहीं जा रहा है।

### जानकारी ली जाएगी

एक कार्यक्रम के सिलसिले में दिल्ली आई हुई हूं। मामले को आकर देख लेती हूं। अभी तक इसकी कोई शिकायत भी नहीं मिली है। फिर भी अधिकारियों से जानकारी ली जाएगी।

**- श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर

### नहीं हो रही सुनवाई

इस कचरा डंपिंग के कारण बहुत समस्या हो रही है। पहले भी इस बारे में निगम अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, इसके बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। श्मशान घाट की दो बार सफाई कराई जा चुकी है।

**-सूर्य किशोर राज, पार्षद**, वार्ड क्रमांक 43

# समिति ने निजी एयरलाइन्स कंपनी को भेजा ई-मेल




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बेहतर हवाई सुविधाओं के लिए निजी एयरलाइन कंपनियां से संपर्क कर रही हैं। एटीआर 72 विमान के इंडिगो एयरलाइंस व फ्लाई 91 एयरलाइंस जैसे एयरलाइन्स कंपनियों को मेल भेज फ्लाइट उड़ाने की मांग की गई है।

- फ्लाइट शुरू करने की मांग

राज्य सरकार सरकारी अलाइंस एयर कंपनी के भरोसे ही बिलासपुर में हवाई सुविधा दे रही है, जबकि क्षेत्र की मांग के अनुसार बेहतर सुविधाओं के लिए निजी एयरलाइन्स कंपनियों का बिलासा एयरपोर्ट से फ्लाइट आपरेशन जरूरी हो चुका है। अलायंस एयर के पास 20 एटीआर 72 सीटर विमान है, इसमें आधे से अधिक अक्सर मेंटनेंस के लिए डाउन होती है जिससे अधूरी हवाई सेवा प्राप्त होती है। बिलासपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से हवाई यात्रा करने वालों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अलायंस एयर ने मनमानी करते हुए बिलासपुर से भोपाल, बिलासपुर से इंदौर उड़ानों को पर्याप्त यात्री होने के बावजूद बंद कर दी गई है। समिति ने कहा कि ओपन टेंडर के माध्यम से निजी एयरलाइंस कंपनियों को भी बिलासपुर से उड़ाने शुरू करने का मौका देना चाहिए। कंपनी बेहतर ऑफर दे सके उसे उड़ाने की अनुमति राज्य सरकार दे सकती है, लेकिन राज्य सरकार इसपर पहल नहीं कर रही है। समिति ने निजी कंपनियों से सीधे संपर्क कर रही है, रविवार को इंडिगो और फ्लाई 91 एयरलाइंस को ईमेल भेज बिलासपुर से उड़ान शुरू करने की मांग की गई है। रविवार को धरने में डॉ प्रदीप राही, अनिल गुलहरे, बद्री यादव, शिरीष कश्यप, ऋषि राज, राशिद बख्श, गोपी राव, संतोष पीपलवा, आशुतोष शर्मा, अमर बजाज, मनोज तिवारी, मजहर खान, संदीप बाजपेई,रमाशंकर बघेल और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

# किक्रेट पर सट्टा खिलाते दो गिरफ्तार फरार सरगना के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पुलिस ने आईपीएल मैच में किक्रेट सट्टा खिलाते दो सटोरियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 1 लाख 48 हजार 500 रुपए नकद, 2 मोबाइल, एक एक्टिवा जब्त की गई है। पुलिस ने दोनों सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

4 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोबाइल फोन में आईपीएल क्रिकेट राजस्थान रायल - गुजरात टाईटन में हार जीत, बाल में रन बजाने, आनलाइन सट्टा खिला रहे हैं। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में एसीसीयू व सिविल लाइन के द्वारा रेड कार्रवाई सौरभ पवार पिता स्व. संजय पवार 32 साल सिंधी कालोनी जरहाभाठा, कमल पंजवानी पिता आनंद पंजवानी 30 साल चकरभाठा कैम्प निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 1 लाख 48 हजार 500 रुपए नकद, एक एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 एजे, 8770, 2 मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस ने धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 112 की धारा 7, 2 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में सटोरिए।

### फरार सटोरिए के खिलाफ एक और एफआईआर

सीएसपी श्री सिंह ने बताया, पकड़े गए दोनों सटोरिए खाईवाल राज चेतानी व चकरभाठा निवासी रोहित पंजवानी के लिए सट्टा खिला रहे थे और सट्टा का पैसा कलेक्शन कर रहे थे। पिछले दिनों एसएसपी ने फरार राज चेतानी, रोहित पंजवानी की सूचना देने पर 5 हजार रुपए ईनाम की घोषणा की थी। उसके बाद भी दोनों नहीं पकड़े गए हैं।

### ये भी फरार ईनामी खाईवाल नहीं पकड़े गए

पुलिस द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे क्रिकेट सट्टा खाईवाल सोम उर्फ अभिजीत दुबे पिता स्व. सतीश दुबे कुदूदण्ड, सागर चेतवानी पिता स्व. हरिराम चेतवानी शिवघाट पुराना सरकण्डा, प्रकाश पंजवानी पिता स्व. हरिराम पंजवानी सांई भूमि तोरवा निवासी की सूचना देने पर 5 - 5 हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की गई है। ये सभी खाईवाल भी नहीं पकड़े गए हैं।

# शराबियों ने सिम्स में मचाया हंगामा, गार्ड ने खदेड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में शनिवार की देर रात दो शराबियों ने सिम्स के आपातकालीन और ट्राइएज में जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान दोनों ने नर्स के साथ बदसलुकी की और गार्डों से झगड़ते रहे, जिसके बाद गार्डों ने दोनों शराबियों को सिम्स के बाहर निकाल दिया लेकिन देर रात सिम्स में हंगामा मचता रहा।

सूत्रों के अनुसार सरकंडा कृष्णा विहार व कोनी निवासी दो शराबियों ने सिम्स में इलाज नहीं मिलने को लेकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया है, लेकिन इस दौरान पर्ची काटने और उन्हें भर्ती करने के लिए नर्स लगी रही, लेकिन नशे के हालत में शराबियों ने नर्स के साथ ही हुज्जतबाजी शुरू कर दी। इसके बाद नर्स ने गार्ड को बुलाया और उन्हें समझाने की कोशिश करती रही, लेकिन दोनों पर शराब का नशा इतना चढ़ चुका था कि दोनों किसी बात को सुनने के लिए तैयार नहीं थे और स्टाफ के साथ गाली गलौच करते रहे। ऐसे में गार्ड ने अन्य जगहों से 2 गार्ड को बुलाकर उन पर सख्ती बरता शुरू कर दिया और वार्ड के अन्य मरीजों के परेशान होने पर गार्डो ने शराबियों को बाहर खदेड़ना ही सही समझा, शराबियों के जाने के बाद ही टाइएज के मरीज चैन से सो सकें।



सिम्स में हंगामा मचाते आरोपी।

# युवक पर चाकू से हमला करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शोभा यात्रा के दौरान युवक पर चाकू से जान लेवा हमला करने वाले फरार दो भाई सहित 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, 2 अप्रैल को हनुमान जयंती में शोभा यात्रा निकाली गई थी। चांटीडीह निवासी सन्नी श्रीवास अपने साथी सूरज साहू के पास पेंडलवार अस्पताल के पास शोभा यात्रा देख रहा था। इसी दौरान दयालबंद निवासी प्रियांशु बोले अपने दो साथी के साथ गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर तीनों युवक सूरज साहू के साथ मारपीट करने लगे। इसी बीच प्रियांशु बोले ने चाकू से सूरज साहू के पेट पर हमला कर दिया था। पुलिस हमलावरों के



पतासाजी में लगी हुई थी। 5 अप्रैल को टीआई श्री बैस, आरक्षक सरफराज खान, अजय शर्मा ने फरार हमलावर दयालबंद निवासी प्रियांशु बोले पिता अरूण बोले 25 साल, उसके भाई ओम बोले व रिवर साईड होटल तोरवा निवासी के राघवेन्द्र राव उर्फ सुरेश पिता के श्रीनिवास राव 26 साल को बीएनएस की धारा 109, 1, 296, 351, 3, 3, 5 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

# बाइक भिड़ंत में गंभीर ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। ग्राम कुंडपान में दो बाइक के सामने-सामाने भिड़ंत हो जाने से घायल एक ग्रामीण को रायपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम विमलापुर निवासी अवधेश कुमार चौधरी आ. रामप्रीत चौधरी (36 वर्ष) 3 अप्रैल को गांव के अपने साथी के साथ बाइक से काम करने सुन्दरपुर गया था। काम करने के पश्चात दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे और जैसे ही ग्राम कुंडपान के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में अवेधश गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके साथी को मामूली चोटे आई। परिजन घायल को डिंड़ो अस्पताल में भर्ती कराया जहां से मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक होने पर रायपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर रायपुर जा रहे थे तभी रास्ते में घायल ने दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# दुकान में एसी का कम्प्रेसर ब्लास्ट होने से दो भाई झुलसे

**बिलासपुर।** दुकान में एसी का कम्प्रेसर ब्लास्ट होने से काम कर रहे दो भाई झुलस गए। हादसे के बाद आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दोनों को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

रतनपुर करैहापारा निवासी मिर्जा आरिफ, उसका भाई शब्बीर शेख कुम्हारपारा में फरफेक्ट सॉल्यूशन नाम की दुकान चलाते हैं। 5 अप्रैल की शाम 6.40 बजे दोनो दुकान में काम कर रहे थे। इसी दौरान दुकान में लगा एसी का कम्प्रेसर ब्लास्ट होकर फट गया, जिसकी चपेट में आकर दोनों भाई झुलस गए। धमाके आवाज व दोनों की चीख आवाज से आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दुकान में लोगों की भीड़ लग गई।



सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, झुलसे दोनों भाईयों को इलाज के लिए वेयर हाउस रोड स्थित निजी हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, एसी का कम्प्रेसर फटने से हादसा हुआ है।

### मारपीट कर कार में लगाई आग

**बिलासपुर।** दुघर्टना के बाद चालक के साथ मारपीट कर कार में आग लगाने वालों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, घुरू गोकुलधाम निवासी रामेश्वर सूर्यवंशी पिता संतोष सूर्यवंशी 30 साल 24 मार्च को कार क्रमांक सीजी 04 एलटी, 6088 में पैसा लेने ग्राम लोखंडी जा रहा था। अचानक सामने मवेशी आ जाने से उसे बचाने के फेर में कार से एक राहगीर को चोट आई। पास में खड़ा राजा निषाद उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा, जिससे वह कार छोड़कर भाग कर छिप गया। कुछ देर बाद राज निषाद, कृष करें, प्रदीप वर्मा ने कार में आग लगा दी। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर राजा निषाद सहित तीनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3, 5, 326 एफ के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# टूटी हुई थीं मृतका की पसलियां फट गया था लंग्स और हॉर्ट

**अंबिकापुर।** सद्भावना चौक के समीप एक महिला से दुष्कर्म के बाद बेरहमी से हत्या किए जाने के मामले में चौकाने वाले खुलासे हुए है। मृतिका महिला का पीएम रिपोर्ट सामने आया है जिसमें उसके साथ दरिंदगी की सारी हदें पार की गई। महिला के पसलियां टूटी हुई थी, लंग्स और हार्ट फट गया था। इसके साथ ही शरीर पर बर्बरता के निशान मिले है। इस बीच आरोपी के रेलवे स्टेशन में भी देखें जाने की पुष्टि हुई है जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि आरोपी ट्रेन में बैठकर कहीं फरार हो गया।

बता दें कि 3 अप्रैल को शहर के सद्भावना चौक में मछली दुकान के अन्दर एक महिला की खून से सनी लाश मिली थी। मृतिका की पहचान लखनपुर केवरा निवासी 40 वर्षीया के रूप में की गई थी। पहले पति की मौत के बाद गंगापुर में कथित पति के साथ रहती थी। महिला की लाश को पुलिस द्वारा पीएम के लिए भेजा गया था। वहीं अब महिला की पीएम रिपोर्ट भी सामने आई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के फोरेंसिक मेडिसिन डिपार्टमेंट के अटोप्सी सर्जन डॉ. संटू बाघ ने इसकी जानकारी दी है। डॉ. बाघ के अन्सौर महिला के साथ दरिंदगी की सभी हदें पार की गई है। महिला के छाती की दोनों तरफ की पसलियां टूटी हुई थी। उसके सिर के सामने की हड्डी भी टूटी हुई थी। लगे को दबाने के लक्षण मिले है। इसके साथ ही उसके गुप्तांग का परीक्षण करने पर चिकित्सकों ने एक लीटर के पानी बोतल का हिस्सा निकाला।

## खबर संक्षेप

### कॉमन सर्विस सेंटर में डेटोनेटर ब्लास्ट



**जांजगीर-चांपा।** मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम बनाहिल में एक कॉमन सर्विस सेंटर (सी एस सी) में डेटोनेटर ब्लास्ट किया गया। विस्फोट के कारण दुकान में रखे कंप्यूटर, सीपीयू, प्रिंटर, कुर्सी, टेबल सहित अन्य जरूरी उपकरण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं विस्फोट की चपेट में आने से संचालक के हाथ में भी चोट आई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भूपेंद्र कुमार साहू ग्राम बनाहिल में वेदांत सर्विस सी एस सी सेंटर का संचालन करता है। दुकान के पास ही उसका निवास भी है। शनिवार की रात वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। रात करीब 11.45 बजे उसे दुकान का शटर खुलने और बंद होने की आवाज आई। वह मौके पर पहुंचा तो दुकान के अंदर धुआं फैला हुआ था और कुछ सामान जल रहा था। दुकान के अंदर डेटोनेटर फेंका गया था, जिसमें 4 डेटोनेटर एक साथ बंधा हुआ था। भूपेंद्र ने डेटोनेटर उठाकर जैसे ही बाहर फेका वैसे ही वह फट गया। इस विस्फोट के कारण दुकान में रखे कंप्यूटर, सीपीयू, प्रिंटर, कुर्सी, टेबल सहित अन्य जरूरी उपकरण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। विस्फोट की चपेट में आने से संचालक भूपेंद्र के हाथ में भी चोट आई। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुलमुला थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1), 324(4) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम और फॉरेंसिक विभाग के विशेषज्ञ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पुलिस को कुछ सुराग मिले, जिसके आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### चाकू लहराकर राइस मिल में धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

अकलतरा। राइस मिल में घुसकर चाकू लहराते हुए कर्मचारियों व मालिक को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू, स्कूटी एवं चोरी किया गया धान भी बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पीयूष अग्रवाल ने थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे अपने निजी कार्य से बिलासपुर गए हुए थे। इसी दौरान राइस मिल के कर्मचारी अमर टंडन ने फोन कर सूचना दी कि एक व्यक्ति धान चोरी करते हुए पकड़ा गया था, जो अपनी स्कूटी में धान रखकर ले जा रहा था। मिल कर्मचारियों द्वारा पकड़ने पर आरोपी हाथ छुड़ाकर मौके से फरार हो गया और अपनी स्कूटी वहीं छोड़ गया। शाम करीब 7 बजे वही व्यक्ति शराब के नशे में चाकू लेकर राइस मिल में घुस गया। उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और अपनी स्कूटी वापस मांगते हुए चाकू दिखाकर डराने-धमकाने लगा। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी जगन्नाथ विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम खटोला के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

### टेल एरिया तक नहीं पहुंच रही नहर की धार, सूखने लगे तालाब



**जांजगीर-चांपा।** नहर में पानी छोड़ने के बाद भी टेल एरिया के गांवों में नहर की धार नहीं पहुंच पा रही है। ऐसे में टेल एरिया के गांव में तालाबों को भरने का कार्य भी नहीं हो पा रहा है। नहर का पानी नहीं पहुंचने से ग्रामीण तालाब के गंदे पानी से निस्तारी करने मजबूर हो रहे है। क्षेत्र के टेल एरिया में आने वाले गांवों में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। आदर्श ग्राम गोधना के नैया तालाब सहित ग्राम कुकदा, कुरियारी और सलखन के तालाबों में पानी की भारी कमी बनी हुई है। हालात यह हैं कि ग्रामीणों को गंदगी युक्त पानी में ही निस्तारी और स्नान करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सिंचाई विभाग की लापरवाही और जल वितरण में असंतुलन इस समस्या की मुख्य वजह है। बताया जा रहा है कि धुरकोट नहर डिवाइडिंग सेक्टर से नवागढ़ सिंचाई क्षेत्र में 350 क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है, जबकि मुड़पार सिंचाई क्षेत्र में 250 क्यूसेक से भी कम पानी पहुंच रहा है।

### बी.टी.एस. स्कूल के नर्सरी में राघव ने अव्वल

**कोरबा।** शिक्षा का अधिकार योजना के तहत पढ़ने वाला बच्चा बालको टाउनशिप स्कूल में 97 प्रतिशत से टॉप किया। बालको के बी.टी.एस. स्कूल के नर्सरी में पढ़ने वाला राघव साहू अपनी क्लॉस में प्रथम आया है जो कि बालको नगर के अंतर्गत ग्राम-बेलाकछार का है। उनकी क्लास टीचर मृदुला गोगोई मैम ने बताया कि राघव प्रतिदिन स्कूल आता था और अपना होम वर्क पूरा करता था, स्कूल के प्राचार्य और सभी टीचर ने बच्चे और उसके माता पिता को बधाई दी है।



# गुणवत्ता को दरकिनार कर हो रहा मुड़ापार से कोरबी सड़क का निर्माण

## विभाग व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

अलग खबर

पाली ब्लाक अंतर्गत ग्राम मुड़ापार मेन रोड से कोरबी तक लगभग 5 किमी लंबी सड़क, प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 1 करोड़ 48 लाख के लागत से बन रहा सड़क का हाल बेहाल, पिछले जून से प्रारंभ हुआ सड़क निर्माण को पूरे 10 माह हो गये लेकिन आज तक कार्य पूरा नहीं हो सका। इससे क्षेत्र की जनता का दुर्भाग्य ही समझे कि 10 माह तक क्षेत्र की जनता परेशानी उठा रही है। कभी सड़क कीचड़ से लथपथ रहा तो कभी महीनों गिट्टी फैली सड़क से गुजना। फिर भी विभाग व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और ठेकेदार की लापरवाही ग्रामीण पर पड़ रही है। ग्रामीणों के द्वारा घटिया निर्माण का विरोध भी करते आ रहे हैं फिर भी ठेकेदार की मनमानी बढ़ती ही जा रही है। लोगों का कहना है कि मापदंड के हिसाब से सड़क का डामरीकरण नहीं किया जा रहा है केवल डामर को लेप लगाकर महज एक इंच ही सड़क बनाया जा रहा है जो कुछ ही दिनों में पहले की तरह सड़क फिर जर्जर हो जाएगी। यह सड़क 1 करोड़ 48 लाख की लागत से बन रहा सड़क को विभाग के एसडीओ, इंजीनियर देखकर भी अनदेखा कर बनाया जा रहा है। कोरबी निवासी व कांग्रेस मंडल अध्यक्ष चंद्रहास राठौर ने बताया कि एक तो सड़क निर्माण कछुआ गति से चल रही है जिसे पूरे 10 माह हो गए हैं। ये क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता है जो विभाग व ठेकेदार गुणवत्ताहीन निर्माण कर रहे हैं। सड़क को लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

**खास बात**

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा है सड़कों का निर्माण कार्य




## पूर्व में खरीफ फसल के लिए ही जारी किए गए थे निर्देश

# रबी फसल के लिए किसानों को अपने रकबे को कराना होगा अपडेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खरीफ फसल की तरह अब रबी की फसल के लिए भी किसानों को अपने किसान किताब में दर्ज रकबे को नए सिरे से अपडेट कराना होगा। धान बिक्री के बाद जमीन बेचने या रकबे घटने जैसे मामलों के लिए रबी फसल के रकबे को अपडेट कराना होगा।

**खास बात**

- बीते 5 माह में जमीनों के रकबे में हुए बदलाव की होगी जांच

जिले में खरीफ की फसल का रकबा इस वर्ष 90 हजार हेक्टेयर का फसल बोने के समय गिरदावरी के दौरान किसानों के खेतों में ली जाने वाली फसल की रिपोर्ट तैयार की गई थी। जिसमें कई किसानों के रकबे कम होने के मामले सामने आए थे। इसी तरह अब रबी की फसल लेने वाले किसानों को अपने किसान किताब में दर्ज रकबे को भी अपडेट कराना होगा। इसके लिए पूर्व में जारी किए गए एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किए गए हैं। जिले के जटगा और कोरबी सहकारी समितियों में इस वर्ष से रबी की फसल की खरीदी समर्थन मूल्य में शासन द्वारा शुरू की गई है। फसल बेचने वाले किसानों को यह निर्देशित किया गया है कि फसल लेने वाले खेतों के रकबे को अपडेट कराना अनिवार्य है। चूंकि गिरदावरी के हुए 6 माह से अधिक का समय बीत चुका है और इस दौरान किसानों के खेतों के रकबे में कमी और बढ़ने जैसी स्थिति रिपोर्ट के लिए एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। जिससे यह जानकारी सामने आएगी कि बीते 6 माह के दौरान कितने किसानों के खेतों रकबे में कमी हुई है। अक्सर धान की खेती के बात कुछ किसान अपनी जमीनों की बिक्री भी करते हैं। ऐसी स्थिति में रबी फसल से पूर्व रकबे की वस्तुस्थिति दर्ज कराना आवश्यक कर दिया गया है। ताकि रबी की फसल लेने वाले किसान अपनी फसल अपने ही खसरे पर बेच सकें।



फाइल फोटो

### कई तहसीलों में लंबित हैं फौती प्रकरण

ग्रामीण अंचल के कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां किसानों के फौती प्रकरण तहसीलों में लंबित हैं। फौती नहीं कटने के कारण किसान भले ही अपने खेत में फसल ले रहे हैं लेकिन राजस्व रिकार्ड में उनका नाम दर्ज नहीं होने के कारण समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेच पाते। मजबूरी में उन्हे दूसरे किसानों के खाते से फसल बेचना पड़ता है। फौती प्रकरण नहीं कटने के मामले जिले के सभी 10 तहसील में एक दो प्रकरण लंबित पड़े हैं। कोरबा व करतला तहसील में किसानों के फौती प्रकरण लंबित होने की समीक्षा भी हो चुकी है। फौती प्रकरण के निराकरण के भी निर्देश दिए गए हैं। किन्तु उसके बाद भी फौती प्रकरण के निराकरण हेतु तहसीलों के चक्कर काट कर रहे हैं। जब तक फौती प्रकरण का निराकरण नहीं हो जाता उनके रकबे के अपजेट करने जैसी प्रक्रिया भी पूरी नहीं हो सकेगी।

### राजस्व पखवाड़ा में लग रहे शिविर

अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह से शुरु किए गए राजस्व पखवाड़ा में फौती प्रकरणों के निराकरण के लिए सभी तहसीलों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार को शिविर लगाकर निर्देश दिए गए हैं। ताकि किसानों को इसके लिए चक्कर न काटना पड़े। राजस्व पखवाड़ा को शुरु हुए 3 दिन हुए हैं और सबसे ज्यादा प्रकरण फौती कटाने के सामने आए हैं। ज्यादातर किसान लंबित पड़े फौती प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदन दे रहे हैं।

# भूविस्थापितों ने एसईसीएल कोल इंडिया के चेयरमैन से की मुलाकात



चेयरमेन से मुलाकात करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

कोल इंडिया के अध्यक्ष बी साईराम 4 अप्रैल को गेवरा दीपका के प्रवास पर पहुंचे थे। जिसकी जानकारी होने पर हरदीबाजार के भूस्थापितों का प्रतिनिधिमंडल एसईसीएल के चेयरमैन एवं सीएमडी से मिलकर के भूस्थापितों ने अपनी प्रमुख समस्या और मांग रखी। हरदीबाजार के शेष बचे 212 एकड़ कृषि भूमि को भी संपूर्ण अधिग्रहण करने,मुआवजा में किसी प्रकार की कटौती नहीं करने, उतरदा जयंती नगर बसावट को निरस्त कर तिवरता या बतारी को सुव्यवस्थित बसाहट देने की मांग रखी गई है साथ ही अधिग्रहण के बाद 2004-2010 के बाद खरीदी बिक्री रजिस्ट्री भूस्वामी के मकान का सौ प्रतिशत सोलसियम दिया जाए। भूस्थापित एवं प्रबंधन के बीच संवाद स्थापित करने की बात को प्रमुखता से रखा गया। अध्यक्ष महोदय ने गंभीरता से भूस्थापितों के मांगों को सुने और उनके तरफ से निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान दीपका जीएम संजय मिश्रा भी उपस्थित थे। इस दौरान सरपंच लोकेश्वर कंवर, नरेश टंडन, अजय दुबे, विजय राठौर, विजय जायसवाल एवं देव कुमार जायसवाल उपस्थित थे।

## बिजनेस प्लस

### एनकेएच में मानसिक स्वास्थ्य व नशामुक्ति सेवाएं सशक्त




**कोरबा।** बदलती जीवनशैली, बढ़ते तनाव और सामाजिक दबाव के बीच मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। अवसाद, चिंता, अनिद्रा और नशे की लत जैसी बीमारियां अब हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर 8 में से 1 व्यक्ति किसी न किसी मानसिक समस्या से जूझ रहा है, लेकिन समय पर सही इलाज सभी को नहीं मिल पाता। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए न्यू कोरबा हॉस्पिटल में वरिष्ठ न्यूरो-मनोचिकित्सक डॉ. रजनी वर्मा के नेतृत्व में आधुनिक और समग्र मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहां मरीजों की स्थिति को समझकर व्यक्तिगत ट्रीटमेंट प्लान तैयार किया जाता है, जिसमें काउंसलिंग, साइकोथेरेपी और आवश्यकतानुसार दवाओं के जरिए उपचार किया जाता है। अस्पताल में अवसाद, एंग्जायटी, अनिद्रा, तनाव और व्यवहार संबंधी समस्याओं का प्रभावी इलाज किया जा रहा है। बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को देखते हुए अस्पताल में विशेष नशा मुक्ति सेवाएं भी शुरू की गई हैं। इसमें शराब, तंबाकू, निकोटिन और ड्रग्स की लत से जूझ रहे मरीजों का वैज्ञानिक तरीके से इलाज किया जाता है। डिटॉक्सिफिकेशन, बिहेवियर थेरेपी, काउंसलिंग और रिलैप्स प्रिवेंशन जैसी सुविधाएं मरीजों को सुरक्षित और स्थायी रूप से नशा मुक्त बनाने में मदद कर रही हैं। डॉ. रजनी वर्मा द्वारा अब तक 200 से अधिक मरीजों का सफल उपचार किया जा चुका है, जो उनकी विशेषज्ञता और समर्पण को दर्शाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसिक समस्याओं और नशे की लत को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है, जबकि समय पर उपचार से व्यक्ति सामान्य जीवन में तेजी से वापसी कर सकता है। न्यू कोरबा हॉस्पिटल की ये सेवाएं कोरबा सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए राहत और उम्मीद का केंद्र बनकर उभर रही हैं।

# जो बिना कहे माता-पिता की सेवा करे वो सपूत : पं.देवकृष्ण



कथा में झांकी का किया गया प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माता पिता धरती पर साक्षात ईश्वर का रूप होते हैं। जो अपने माता की निस्वार्थ बिना कहे सेवा को सदैव तत्पर रहते हैं वो सपूत कहलाते हैं,जो माता -पिता के कहने पर उनकी सेवा करे वो पूत कहलाते हैं और जो कहने पर भी माता पिता की सेवा से विमुख हो जाए संसार में वो कपूत कहलाते हैं। यह हम पर निर्भर करता है कि हम अपने कार्य व्यवहार से इनमें से किस श्रेणी के संतान कहलाने का हकदार बनते हैं।

उक्त बातें टेमर सक्ती से पधारे पंडित देवकृष्ण शर्मा ने रवि शंकर शुक्ल नगर कोरबा स्थित कपिलेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में बयचंद साहू, श्रीमती अनिता साहू द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव के छठवें दिवस आयोजित कथा प्रसंग के दौरान कही। रुक्मणी कृष्ण विवाह कथा का प्रभावपूर्ण वर्णन करते हुए कथाव्यास पं.देवकृष्ण शर्मा ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि लक्ष्मी का सिर्फ पुत्र बना जा सकता है स्वामी नहीं ,लक्ष्मी के स्वामी सिर्फ नारायण हैं , जिस किसी ने लक्ष्मी का स्वामी बनने की कोशिश की उसका विनाश हुआ। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से हरिकृपा तक आयोजित की जा रही। उक्त पुनीत आयोजन से पंडित रविशंकर शुक्ल नगर में भक्ति की बयार बह रही है। संगीतमय कथा प्रसंग के दौरान रुक्मणी कृष्ण विवाह की कथास्थल पर ही भव्य झांकी निकाली गई। बारात निकाली गई । जिसमें दूल्हा बने द्वारिकाधीश के साथ बाराती नाचे गाते झूमते कथा प्रांगण स्थल पर पहुंचे। जहां द्वारकाधीश समेत बारातियों का भव्य स्वागत हुआ। कथाव्यास पं.देवकृष्ण शर्मा जी ने रुक्मणी -कृष्ण जी की विवाह संपन्न कराई।

# सरकारी अस्पतालों में खुलेंगी अटल आरोग्य लैब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में निर्णय लिया है। अब जिले सहित पूरे प्रदेश के शासकीय अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में अटल आरोग्य लैब शुरू की जाएगी। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने केंद्र सरकार के उपक्रम एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के साथ अनुबंध किया है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को उनके घर के पास ही उच्च स्तरीय और महंगी जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

**खास बात**

- 134 तरह की जांच की अब मोबाइल पर आएगी रिपोर्ट

योजना की प्रदेश स्तरीय 14 अप्रैल को पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। जिले में जिला अस्पताल के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में यह सुविधा मिलेगी। पूरी जांच प्रक्रिया को हब एंड स्पोक मॉडल के तहत व्यवस्थित किया गया है। इसके अंतर्गत राज्य स्तर पर 1 रेफरल लैब और 4 संभागीय लैब, जिला स्तर पर 33 जिला लैब और 12 सिविल अस्पताल लैब, ब्लॉक स्तर पर 187 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैब, कलेक्शन सेंटर 814 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैंपल कलेक्शन सेंटर के रूप में कार्य करेंगे। नई व्यवस्था के तहत अस्पतालों के स्तर के अनुसार जांचों की संख्या तय की गई है। जिला अस्पतालों में 134, सिविल अस्पतालों में 111, सीएचसी में 97 और पीएचसी में 64 प्रकार की जांचें निःशुल्क या रियायती दरों पर उपलब्ध होंगी। अब मरीजों को रिपोर्ट के लिए चक्कर नहीं काटने होंगे। जांच रिपोर्ट सीधे मरीज के मोबाइल फोन पर उपलब्ध कराई जाएगी। लैब का संचालन सीजी इंटीग्रेटेड डायग्नोसिस मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा। एचएलएल लाइफ केयर लिमिटेड न केवल मशीनें और रिएजेंट उपलब्ध कराएगी।




फाइल फोटो

### आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन 17 तक

जांजगीर-चांपा। प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए 17 अप्रैल तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। देश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु तैयारी करायी जाती है।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## पृष्ठ 1 का शेष

### उपभोक्ताओं को...

को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है कई महीनों से बुकिंग के बावजूद डिलीवरी न मिलना प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। गैस की अनुपलब्धता का सीधा असर चूल्हे-चौके पर पड़ा है घर का खाना समय पर नहीं बन पा रहा है जिससे कामकाजी कर्मचारियों और बच्चों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है आक्रोशित उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस न मिलने के कारण उन्हें घर में अपनी गृह-लक्ष्मी की खरी-खोटी सुननी पड़ रही है जिससे पारिवारिक तनाव भी बढ़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि एक तरफ केंद्र सरकार देश में गैस की कमी न होने की बात करती है लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट है कोयलांचल की जनता पूछ रही है कि यदि गैस की कमी नहीं है तो महीनों इंतजार क्यों करना पड़ रहा है। क्षेत्र की जनता और कर्मचारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर गैस वितरण व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया और कालाबाजारी पर रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्र में धरना, घेराव आंदोलन और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित गैस एजेंसी और स्थानीय प्रशासन की होगी।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# गेवरा-पेंड्रारोड ट्रैक पर पेंड्रा से भाटी तक दौड़ा डीजल इंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा से पेंड्रा रोड 135 किलोमीटर लंबे ट्रैक में पेंड्रा से भाटी तक 25 किलोमीटर डीजल इंजन चलाकर इसका परीक्षण किया गया। दिसंबर 2026 तक इस ट्रैक के निर्माण कार्य को पूरा करने की तैयारी चल रही है। ट्रैक के पूरा होने के बाद कोल परिवहन के लिए इसका उपयोग होगा। भविष्य में यात्री गाड़ी चलाए जाने की तैयारी भी हो सकेगी।

गेवरा से पेंड्रारोड तक 135 किलोमीटर तक निर्माण कार्य ईरकान कंपनी द्वारा किया जा रहा है। शुक्रवार को पेंड्रारोड से भादी तक 25 किलोमीटर डीजल इंजन दौड़ाकर इसका परीक्षण किया गया है। ट्रैक के पूरा होने से गेवरा कुसमुंडा एसईसीएल कोयला खदानों से कोल परिवहन का कार्य शुरू हो सकेगा। वर्तमान में गेवरा से लेकर पसान तक निर्माण कार्य प्रगति पर चल रहा है। किन्तु पिछले 4 माह से तकनीकी कारणों के चलते निर्माण कार्य बंद होने से प्रोजेक्ट के अपने निर्धारित समय पर पूरा नहीं होने की स्थिति निर्मित हुई थी। अधिकारियों का कहना है कि दिसंबर 2026 तक इस प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत चल रहे ट्रैक निर्माण को लेकर रेलवे के अधिकारियों के द्वारा इसका लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। पिछले महीने कोरबा प्रवास पर आए रेलवे के जीएम ने भी गेवरा पेंड्रारोड रेल लाइन के संबंध में जानकारी ली थी और कुछ स्थानों पर निरीक्षण भी किया था।

अलग खबर

## दिसंबर 2026 तक पूरा होगा प्रोजेक्ट का काम

**खास बात**

- ट्रेक का किया गया परीक्षण, निर्माण पूरा होने के बाद शुरु होगा अन्य राज्यों के लिए कोल परिवहन



### कंपनी के सामान भी हो चुके हैं चोरी

रेलवे ट्रैक निर्माण स्थल से इरकान कंपनी के कई कीमती सामानों के चोरी होने की घटनाएं हुई हैं। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंधन नहीं होने के कारण कंपनी के कई कीमती सामान चोरी होने की रिपोर्ट भी पुलिस में दर्ज कराई गई है। इसकी वजह से भी कंपनी के लगातार चलने वाले निर्माण कार्य को रोकना पड़ गया था। कंपनी के अधिकारियों ने भी साइड स्थल से सामानों के चोरी होने के कारण निर्माण कार्य कई बार बंद रहा।

## खबर संक्षेप

### आजाद नगर में 40 हजार नगद सहित आभूषणों की चोरी



**कोरबा।** बालको नगर क्षेत्र अंतर्गत आजाद नगर में बदरे आलम के यहां गत रात्रि चोरी की घटना हो गई। यहां से 40 हजार नगद सहित डेढ़ लाख के जेवरात की चोरी की गई है। घटना की रिपोर्ट बालको थाना में दर्ज करायी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

बताया जाता है कि बालकोनगर क्षेत्र के आजाद नगर निवासी बदरे आलम ट्रांसपोर्ट नगर में एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान में काम करता है। पिछले दिनों वह अपने गृह कार्य की वजह से बिहार गया हुआ था। जहां से वापस आने के बाद उसे घर में चोरी की जानकारी हुई। बताया जाता है कि चोरों ने घटना के दौरान घर में रखे 40 हजार रुपए नगद सहित सोने चांदी के जेवरात को पार कर दिया है। इस मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करायी गई है। घटना में अपराध दर्ज कर पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए जांच पड़ताल शुरु कर दी है। बताया जाता है कि नगद राशि सहित ढाई से तीन लाख रुपए की सामान पार हुए हैं।

### भाजपा स्थापना दिवस पर चलाएगी विशेष सेवा सप्ताह

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी आगामी 6 अप्रैल को अपना 47वाँ स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इस अवसर पर पार्टी द्वारा 6 से 12 अप्रैल तक एक विशेष सेवा सप्ताह और संगठनात्मक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी ने उक्त कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार, बूथ स्तर से लेकर जिला और प्रदेश स्तर तक व्यापक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पार्टी कार्यालयों और घरों में 5 से 7 तक अप्रैल को दीपोत्सव किया जाएगा। स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनाते हुए 5 से 7 अप्रैल को प्रदेश एवं सभी जिला कार्यालयों में विशेष सजावट की जाएगी। कार्यालयों को झालर, दीपों और रंगोली से भव्य रूप दिया जाएगा।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में 17 तक कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की आधिकारिक सूचना जारी कर दी गई है। इन विद्यालयों का उद्देश्य प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट और एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु सघन तैयारी उपलब्ध कराना है। जारी समय-सारणी के अनुसार प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 24 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल तक निर्धारित है। ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर विद्यार्थी 18 अप्रैल से 21 अप्रैल के मध्य सुधार कर सकेंगे। इसके पश्चात 22 से 28 अप्रैल तक जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा। अभ्यर्थी अपने प्रवेश-पत्र 1 से 9 मई के मध्य डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 10 मई को किया जाएगा।

### एनसीए कैंप के लिए छत्तीसगढ़ से तेज गेंदबाज रोहित यादव का चयन

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिला ड्यूस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में संचालित बिश्रामपुर टैलेंट हंट क्रिकेट एकेडमी के युवा तेज गेंदबाज रोहित यादव का चयन नेशनल क्रिकेट एकेडमी के लिए हुआ है जिससे नगर के खेल प्रेमियों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल बना है। अकादमी के संचालक एवं कोच यूपी केशरी ने बताया कि रोहित यादव टैलेंट हंट क्रिकेट एकेडमी के मार्गदर्शन में विगत 8 वर्ष से अभ्यासरत है। यह सफलता उन्हें नियमित अभ्यास और सही मार्गदर्शन से प्राप्त हुई है। रोहित यादव ने इस वर्ष वीनू मांकड ट्रॉफी व कुच बिहर ट्रॉफी में भी अच्छा प्रदर्शन किया है जिसका उन्हें परिणाम मिला है।

## बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुराकछार के समीप हुई दुर्घटना

# तेज रफ्तार हाईवा ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, एक की मौत, एक घायल, चक्काजाम



दुर्घटनाकारित हाईवा।



घटनास्थल पर जुटी लागों की भीड़।

**खास बात**

- बाजार से सब्जी लेकर दो युवक लौट रहे थे घर, बीच रास्ते में हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राम सालियाभाटा सुमेधा निवासी दो युवक सुबह बाजार करके मोटरसाइकिल में अपने घर वापस लौट रहे थे बीच रास्ते में पहुंचे थे कि एक तेज रफ्तार हाईवा के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मोटरसाइकिल में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फूट पड़ा था और मृतक के परिजनों को मुआवजा सहित विभिन्न मांगों को लेकर चक्काजाम कर दिया था। घंटों चले चक्का जाम के दौरान पुलिस और प्रशासन की टीम ने ग्रामीणों को समझाइश दी तब जाकर मामला शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सलिहाभांठा सुमेधा निवासी रामेश्वर सिंह कंवर उम्र 36 वर्ष पिता गरुड़ सिंह अपने एक अन्य साथी के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर सलिहाभांठा सुमेधा से सुराकछार बाजार आया हुआ था। जहां से बाजार कर रामेश्वर सिंह अपने साथी के साथ वापस अपने गांव सलिहाभांठा लौट रहा था कि सुराकछार शराब भट्टी के समीप पहुंचा था कि एक तेज रफ्तार हाईवे के चालक ने एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रामेश्वर सिंह कुमार की मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे रामेश्वर सिंह की मौके पर मौत हो गई। जबकि उसके एक अन्य साथी को गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया। हादसे के होते ही स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमार्ग में चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम व हादसे की सूचना मिलते ही बांकीमोंगरा थाना प्रभारी चमन सिंह दलबल सहित मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश देने का प्रयास करते रहे लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। लगभग दो से ढाई घंटे तक लगातार चक्का जाम चलता रहा। इसके उपरांत दुर्घटना को अंजाम देने वाले हाईवे के मालिक ने मृतक के परिजनों को 1 लाख 50 हजार रुपए व जिला प्रशासन की ओर से आर्थिक सहायता की राशि प्रदान की गई। जिसके उपरांत ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त किया।

# दुष्कर्म की कोशिश, पोल खुलने के डर से हत्या कर कुंए में फेंकी मासूम की लाश



कुंए से मासूम का शव निकालते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 8 साल के मासूम बच्चा अपने दोस्तों के साथ तालाब में नहा रहा था इस दौरान उसके घर के ठीक सामने रहने वाला 18 वर्षीय युवक मासूम बच्चे को भेलवा खाने के नाम पर अपने साथ ले गया और उसके साथ अनाचार का प्रयास किया जब बच्चे ने इसका विरोध किया तो युवक ने पत्थर से मासूम के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया और कहीं उसकी पोल ना खुल जाए इसके लिए उसने बच्चे को पत्थर से बांध दिया और कुंए में फेंक दिया। जब बच्चा अपने घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को उसकी चिंता सताने लगी और थाना में गुमशुदगी दर्ज करायी गई। पुलिस जब हरकत में आयी तो पुलिस ने आरोपी युवक की निशानदेही पर मासूम बच्चे के शव को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



आरोपी।

**खास बात**

- पाली थाना क्षेत्र के ग्राम सोहागपुर का मामला, आरोपी भेजा गया जेल

मामला पाली थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर में घटित हुई है। घटना 2 अप्रैल की है जब मासूम आयान पिता शिव सिंह अपने दोस्तों के साथ तालाब गया था। मासूम को क्या पता था कि जिस पड़ोसी युवक रंजीत कुमार को वह जानता है, वही काल बनकर सामने खड़ा है। नशे में धुत आरोपी ने बच्चे को अकेला पाकर बहला-फुसलाकर सुनसान जगह ले गया। आरोपी ने मासूम के साथ यौन शोषण करने का प्रयास किया। जब डरे हुए मासूम ने शोर मचाया, तो पकड़े जाने के खौफ में आरोपी ने भारी पत्थर से बच्चे के सिर पर ताबड़तोड़ किया जिससे बच्चे का सिर फट गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। इतना ही नहीं आरोपी ने अपराध छुपाने के लिए बच्चे के शव को पड़ोसी गांव करतली के एक कुएं में फेंक दिया था। काफी देर तक बच्चे के घर नहीं आने पर परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की। मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बच्चे की खोजबीन कर रही थी। पुलिस को संदेह होने पर रंजीत कुर्रे पिता सोनाराम कुर्रे उम्र 18 वर्ष हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पहले तो रंजीत गोलमोल जवाब दे रहा था जिसके बाद पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ किया तो उसने जुर्म कबूला। जिसके बाद पुलिस ने रंजीत को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# नई मिसाल पेश कर रही यादव समाज की एकजुटता : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यादव समाज आज एकजुटता की नई मिशाल पेश कर रहा है। अलग-अलग क्षेत्र के सभी यादव समाज के भाइयों एवं बहनें मिलकर समाज की उन्नति एवं प्रगति हेतु कार्य कर रहे हैं। समाज की पहचान सच्चे सरल एवं सहजता के तौर पर जानी जाती है।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री ने सर्व यादव समाज के नवीन कार्यकारिणी को दिलाई शपथ





कार्यक्रम को संबोधित करते उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन एवं अन्य।

उक्त बातें कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने बालकोनगर के न्यू शांति नगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में सर्व यादव समाज के नवीन पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कही। कार्यक्रम चंद्रपुर के विधायक रामकुमार यादव, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत की मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन एवं सभी अन्य अतिथियों ने राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की। मंत्री श्री देवांगन ने जय यादव-जय माधव का उद्घोष करते हुए सभी नवीन पदाधिकारियों को नवीन दायित्व की शपथ दिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री देवांगन ने कहा कि यादव समाज का स्नेह और आशीर्वाद मुझे सदैव प्राप्त होता रहा है। समाज की मांग पर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत चार स्थानों पर विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृत कराकर कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है। इसमें वार्ड क्रमांक 13 स्थित रामकृष्ण मंदिर में यादव समाज की मांग पर ऊपरी तल का निर्माण कार्य लागत 10 लाख, वार्ड क्रमांक 54 जमनीपाली में सामुदायिक भवन लागत 10 लाख, वार्ड क्रमांक 67 बलगी दशहरा मैदान में सामुदायिक भवन निर्माण लागत 10 लाख, वार्ड क्रमांक 39 बालकों के राधा कृष्ण मंदिर में ऊपरी तल का निर्माण कार्य 10 लाख का कार्य पूर्णता की ओर है, आप सभी की उपस्थिति में बहुत जल्द कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, संरक्षक कमलेश यादव, अनूप यादव, नाथू यादव, केदार यादव, हीरालाल यादव, राम रतन यादव, चंद्रमणि यादव, सुखीराम यादव, कमल नारायण यादव, शिवलाल यादव, रामायण यादव, सतीश यादव, विनोद यादव, सत्यनारायण यादव, सुखीराम यादव, शिवलाल यादव, रामायण यादव, सतीश यादव विनोद यादव, रमेश यादव, शारदा यादव, अजय यादव, पुरुषोत्तम यादव , बुधवार यादव, भोजपुर जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद मंगल बंदे, अनिल यादव, उत्तम देवांगन सहित अधिक संख्या में समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

### अज्ञात मोटर साइकिल की टक्कर से वृद्ध की मौत

**कोरबा।** करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर नवापारा निवासी जयलाल प्रसाद पांडेय उम्र 86 वर्ष पिता परसराम पांडेय को नवापारा बस स्टैंड के समीप एक अज्ञात मोटर साइकिल के चालक ने ठोकर मार दी थी। जयलाल को गंभीर चोट आने से मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है।

### युवक ने लगाई फांसी, मौत

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरकोमा निवासी यशवंत यादव 21 वर्ष पिता गोरेलाल यादव ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगा ली थी। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। युवक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# सीआईएल के चेयरमेन ने रेल कॉरिडोर, गेवरा व दीपका खदानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोलइंडिया के चेयरमेन बी साईराम ने छत्तीसगढ़ ईस्ट-वेस्ट रेल लिमिटेड रेल कॉरिडोर के निर्माण कार्यों के निरीक्षण किया। इस दौरान श्री साईराम ने जुनाडीह कनेक्टिविटी यार्ड, टेक-ऑफ यार्ड तथा सुराकछार लाइन के समीप विभिन्न स्थलों का दौरा कर कार्य प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने श्री साईराम को जानकारी दी कि प्रमुख यार्डों का निर्माण जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। इस पर चेयरमैन ने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन बी साईराम दूसरे दिन भी एसईसीएल के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने एसईसीएल कोरबा क्षेत्र में संचालित प्रमुख परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उनके साथ एसईसीएल के सीएमडी हरिश दुहन कंपनी के कार्यात्मक निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। चेयरमेन श्री साईराम ने पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष बल देते हुए एम्बैंकमेंट की ढलानों पर टर्फिंग कर हरित आवरण विकसित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात चेयरमैन ने एशिया की सबसे बड़ी गेवरा खदान का दौरा किया। गेवरा व्यू पॉइंट से उन्होंने माइन प्लान के माध्यम से खदान संचालन की समीक्षा की तथा उत्पादन क्षमता को 70 मिलियन टन तक ले जाने की कार्ययोजना पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने 1000 टीपीएच क्षमता वाले क्रशर, एनटीपीसी पब्लिक साइलो डिस्पैच सिस्टम, कोल स्टॉक एवं साइलो 5 व 6 की प्रगति का निरीक्षण किया। चेयरमैन ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया। चेयरमैन ने कहा कि अधिकारियों को श्रमिकों के साथ सतत संवाद बनाए रखना चाहिए तथा उनके हितों और कल्याण को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खदानों में कार्य करने का अनुभव अद्वितीय संतोष प्रदान करता है। इसके बाद उन्होंने दीपका खदान का दौरा किया, जहां व्यू पॉइंट से खदान की प्रगति, भूमि उपलब्धता एवं 40 मिलियन टन से अधिक उत्पादन प्राप्त करने की रणनीति पर चर्चा की गई। उन्होंने साइलो 3 एवं 4 का निरीक्षण करते हुए एनटीपीसी को भेजे जा रहे रेक का अवलोकन किया तथा रेक उपलब्धता, भविष्य की उत्पादन योजनाओं के अनुरूप कोयला निकासी (इवैक्युएशन) और डिस्पैच व्यवस्था पर विस्तृत समीक्षा की।



निरीक्षण करते चेयरमेन श्री साईराम एवं उपस्थित अन्य अधिकारी।

### ठेका श्रमिकों के सुरक्षा पर विशेष जोर

चेयरमैन बी साईराम ने इस दौरान ठेका श्रमिकों के हितों की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि उनके कल्याण को प्राथमिकता में रखा जाना चाहिए। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों एवं अधिकारियों को सम्मानित भी किया। दौरे के अंत में गेवरा हाउस में एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें क्षेत्रीय इकाइयों एवं मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। चेयरमैन ने उत्पादन को शीघ्रता से पर्यावरण स्वीकृति सीमा तक ले जाने के लिए ठोस कदम उठाने पर बल देते हुए सतत विकास, परिचालन दक्षता एवं आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411